राज्यपाल सचिवाल
राजभवन, जयपुर

आकाशीय बिजली गिरने से बच्चों की मृत्यु पर राज्यपाल ने गहरा शोक व्यक्त किया

जयपुर, 11 जुलाई। राज्यपाल श्री कलराज मिश्र ने आकाशीय बिजली गिरने से कोटा के कनवास गांव में चार एवं बाड़ी(धौलपुर) के कूदिन्ना गांव में तीन बच्चों की मृत्यु की हृदयविदारक दुर्घटना पर गहरा दुख व्यक्त किया है। राज्यपाल ने आमेर के वाच टावर में सेल्फी लेने के दौरान आकाशीय बिजली की चपेट में आने से लोगों की दर्दनाक मौत को भी गंभीरता से लेते हुए शोक संवेदना प्रकट की है।

उन्होंने इन दुर्घटनाओं में मृत बच्चों एवं लोगों के परिजनों के प्रति गहरी संवेदना प्रकट करते हुए ईश्वर से उन्हें शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की है। उन्होंने घायलों के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना भी की है । राज्यपाल श्री मिश्र ने बारिश के मौसम को देखते हुए लोगों से जान-माल की सुरक्षा के लिए सावधानी और सतर्कता बरतने की अपील भी की है ।

———————